उत्तराखंड ने गोपेश्वर में विकास योजनाएँ शुरू कीं

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने 229.3 करोड़ रुपए की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

मुख्य बिंदु:

- **जनपद चमोली** के पुलिस मैदान गोपेश्वर में आयोजित 'लाभार्थी सम्मान समारोह' में विकास योजनाओं का शुभारंभ किया गया।
    - इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ज़िले के विकास के लिये कई घोषणाएँ भी कीं, जिनमें शामिल हैं:
    - हापला-धोतीधार मोटर मार्ग का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु
    - बैतरनी-सरिखोमा-सेंटुना-बैरागना मोटर मार्ग के किलोमीटर एक से दशोली ब्लॉक में गोपेश्वर मंदिर मार्ग से सेतुना तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु शासन एवं वित्तीय स्वीकृति,
    - कर्णप्रयाग में लामबगड़ के अंतर्गत गंगानगर माई मंदिर से भैरव टोक तक रामगंगा नदी पर हैंगिंग ब्रिज का निर्माण,
    - थराली विधानसभा में चार विकास खंडों में गौ-संरक्षण सेवा की स्थापना एवं जनहित में थराली कुलसारी में उत्कृष्टता केंद्र की स्वीकृति।
- मुख्यमंत्री ने **अटल आवास योजना** के तहत निर्मित आवासों के लाभार्थियों को चाबियाँ भी सौंपी।
    - प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत नीलम देवी को दूसरी किस्त के तहत 60 हज़ार का चेक दिया गया।
    - **प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण)** के तहत संगीता देवी एवं गुड्डी देवी को आवास की चाबी दी गयी।
- **मुख्यमंत्री स्वरोज़गार योजना** के तहत राजेश्वरी देवी एवं नरेंद्र सिंह को 50-50 हज़ार रुपए की सहयोग राशि के चेक दिये गए।
- **महिला सशक्तीकरण** के तहत मंदोदरी देवी को **महालक्ष्मी किट** दी गई।
    - उल्लेखनीय कार्य के लिये युवक मंगल दल बूरा को 75,000 रुपए तथा महिला मंगल दल अला जोखना को 37,500 रुपए की प्रोत्साहन राशि के चेक दिये गए।
    - **देवभूमि मत्स्य जीवी सहकारिता समिति** को 20 लाख रुपए का चेक दिया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-launches-development-schemes-in-gopeshwar